डॉ. कलाम इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर का इनॉगरेशन, गवर्नर ने भी की शिरकत

केवल सपने ना देखें, बल्कि उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें: नाईक

भास्कर न्यूज नेटवर्क | लखनऊ

डॉ. अब्दुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर गुरुवार को एकेटीयू में यूथ कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इस प्रोग्राम में गवर्नर राम नाईक चीफ गेस्ट थे। गवर्नर ने कैंपस के अंदर पौधरोपण किया। इसके बाद कलाम सेंटर ऑफ इनोवेशन एक्यूवेशन ऑफ स्टार्ट अप का इनॉगेरेशन किया। इसके साथ राज्यपाल ने ड्रीमेथॉन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रोग्राम में यूपी के टेक्निकल एजुकेशन मिनिस्टर आशुतोष टंडन, सुपर-30 के संस्थापक आनंद सिंह, आदि चुंचुनागिरी मठ के गुरु निर्मलानन्द, आईआईएम एकेटीयू के एल्यूमिनाई और अहमदावाद आईआईएम के टॉपर स्टूडेंट रहे श्रीजन पाल सिंह और एकेटीयू के वीसी प्रो. विनय पाठक आदि मौजूद रहे।

2025 तक भारत सबसे युवा देश बन जाएगा: नाईक

कार्यक्रम में गवर्नर राम नाईक ने कहा, डॉ. कलाम देश के पहले ऐसे राष्ट्रपति थे, जो राजनीति में न होते हुए भी देश के सबसे सर्वोच्च पद पर पहुंचे। जिस तरह जंग में लड़ते हुए सेना का जवान शहीद हो जाता है। उसी तरह डॉ. कलाम भी शिक्षा का संदेश देते रहे। 2025 तक भारत देश का सबसे युवा देश बन जाएगा। हमें युवाओं को अच्छी शिक्षा देने की जरूरत है। आगे जाने के लिए केवल सपने ना देखें बल्कि उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। तकनीकी शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन, श्रीजन पाल सिंह ने भी संबोधित किया।

इन स्टूडेंट्स को मिले दस लाख रुपए

राम नाईक ने आईआईटी बीएचयू के स्टूडेंट नवीन कुमार, आईटीएस ग्रेटर नोएडा के स्टूडेंट मान्वेन्द्र यादव और बीएसआईटी के स्टूडेंट प्रणय वाल को स्टार्टअप शुरू करने के लिए 10- 10 लाख की रकम दी गई। बता दें कि आईआईटी, बीएचयू के स्टूडेंट नवीन कुमार ने अनूठा वाटर प्यूरीफायर बनाया है। इससे कम पानी की बर्बादी होगी और ज्यादा साफ पानी मिलेगा। वहीं आइटीएस ग्रेटर नोएडा के स्टूडेंट मानवेंद्र यादव व उनकी टीम ने राइस थ्रेसिंग मशीन बनाई है जो कम समय में धान से चावल निकालेगा। इसके अलावा बीएसआईटी के स्टूडेंट प्रणय कुमार व उनकी टीम ने डायबिटीज डिसऑर्डर के लिए चेकअप मशीन व हर्बल ऑयल बनाया है।

समाज सेवा के लिए इन्हें किया गया सम्मानित

समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए उम्मीद संस्था के सदस्य समीर शेख और बलवीर सिंह, वैस्वारा समिति के संचालक मुकेश बहादुर और अधन्त ग्रुप के संचालक अजय बहादुर सिंह गवर्नर राम नाइक ने शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इन स्टूडेंट्स को पर्यावरण जागरुकता के लिए किया गया सम्मानित

गवर्नर ने पर्यावरण जागरुकता के लिए काम करने वाले स्टूडेंट्स कृति सिंह, काजल सिंह, निष्ठा दुबे, वैष्णवी यादव, अंकिता पटेल, रुचिका और रिया को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सुपर-30 कोचिंग के संस्थापक आनन्द सिंह और आईआईएम अहमदाबाद के टॉपर रहे श्रीजन पाल सिंह को शाल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।